हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


12 वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञाग्नि के बीच अंजोरा में हुआ भव्य ...





14 नगर में हुआ विशाल हिंदू सम्मेलन, हजारों ...






## खबर संक्षेप

### मोटर साइकिल की ठोकर से युवक घायल

**बालोद।** काम कर मोटर साइकिल के माध्यम से आ रहे युवकों को सामने से आ रही मोटर साइकिल ने ठोकर मार दी। जिससे बाईक सवार युवक घायल हो गए। युवक के पिता ने मोटर साइकिल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम हीरापुर निवासी हरिश कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि मेरा लडका योगेन्द्र कुमार साहू उम्र 18 वर्ष नल फिटिंग का कार्य करता है। 02 दिसंबर को मेरा लडका योगेन्द्र कुमार साहू अपने साथी रितेश साहू निवासी हीरापुर के साथ नल फिटिंग का कार्य करने मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 17 जे 1706 से बेलोदा गया था जहां से अपना काम कर शाम के समय अपने मोटर सायकल में रितेश को पीछे बैठा कर घर वापस आ रहा था शाम करीबन 05.40 बजे ग्राम नर्रा रानीमाई मंदिर के सामने मेन रोड के पास पहुचा था तभी सामने से आ रही मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 07 एलएम 0378 के चालक ने मेरे बेटे योगेन्द्र कुमार साहू के मोटर साइकिल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मेरे बेटे योगेन्द्र के सिर एवं दाहिने पैर में चोट आया था तथा मोटर साइकिल के पीछे बैठै रितेश साहू को भी चोट लगा था। मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गया है। योगेन्द्र कुमार साहू को ईलाज हेतु जिला अस्पताल बालोद लाये थे जहां से तत्काल रिफर करने पर अपने बेटे योगेन्द्र को अस्पताल भिलाई ले जाकर भतएँ कराकर ईलाज कराया हूं।

### कृषि उपकरण और केबल वायर की चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** खेत में लगे पम्प हाउस के पैनल से बोर तक लगे केबल वायर करीबन 25 मीटर के साथ कृषि संबंधी उपकरण को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। जिसके बाद किसान ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कोहंगाटोला निवासी विजय कुमार ने पुलिस को बताया कि ग्राम कोहंगाटोला दाऊ खार में करीबन 25 एकड कृषि भूमि है जिसमें मै कृषि कार्य हेतु बोर खनन कराया हूं। बोर के लिये पम्प हाउस बनाया हूं। जिसमें अन्य कृषि सामानो को पम्प हाउस में रखता हूं। 29 अक्टूबर को मै अपना कृषि कार्य कर शाम करीबन 05 बजे पम्प हाउस में ताला लगाकर घर वापस आ गया था दुसरे दिन 30 अक्टूबर की सुबह करीबन 09 बजे अपने पम्प हाउस में गया तो देखा कि मेरे पम्प हाउस का ताला टुटा हुआ था। पम्प हाउस के पैनल से बोर तक लगे केबल वायर करीबन 25 मीटर को कोई अज्ञात चोर काट कर निकाल लिया था तथा पम्प हाउस के अंदर रखे ट्रेक्टर के पीटीओ सॉप्ट दो नग तथा पम्प हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य कृषि औजार नही थे कोई अज्ञात चोर पम्प हाउस के ताला को तोडकर अंदर प्रवेश कर रखे सामान को एवं केबल वायर को काट कर चोरी कर ले गया था जिसका लगातार आस पास पता तलाश करते रहा। कोई पता नही चलने पर 17 दिसंबर को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करा रहा हूं।

### ट्रक व बाइक की भिड़ंत में एक युवक की मौत, एक घायल

**बालोद।** बाईक के माध्यम से दुर्ग से अपने घर आ रहे युवक को ट्रक ने ठोकर मार दी, जिससे एक की मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद मृतक युवक के पिता ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कुसुमकसा निवासी शिवचरण यादव ने पुलिस को बताया कि 17 दिसंबर को मेरा लडका नितिश यादव अपने साथी कामेश्वर निवासी कुसुमकसा के साथ उसके मोटर साइकिल ▶▶| शेष पेज 12 पर

# मानव जीवन का लक्ष्य भक्ति और ईश्वर को प्राप्त करना है: पं. प्रदीप

## शिव कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ की पावन भूमि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगपुरा में आयोजित प्रसिद्ध कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा की शिव कथा ने श्रद्धा, भक्ति और आत्मिक शांति का अनुपम संगम रच दिया है। तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ को समर्पित इस पावन आयोजन में दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालु शिवभक्ति में लीन दिखाई दिए। कथा स्थल "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठा और पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।शिव कथा के दौरान पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि मानव जीवन का परम लक्ष्य ईश्वर की शरण में जाना है। भगवान शिव किस रूप में, किस समय और कहां दर्शन देंगे, यह केवल वही जानते हैं। भक्त का कर्तव्य है कि वह निष्काम भाव, पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ भक्ति करे। जब भक्ति सच्चे मन से की जाती है, तब महादेव स्वयं भक्त के जीवन में प्रवेश कर उसके कष्ट हर लेते हैं। नगपुरा की पावन धरती, जहां तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ की स्मृति समाहित है, शिवभक्ति के रंग में सराबोर हो उठी। श्रद्धालुओं ने अनुभव किया कि शिव कथा केवल कथा नहीं, बल्कि आत्मा के जागरण का मार्ग है, जो मनुष्य को लोभ, मोह और अहंकार से ऊपर उठाकर परमात्मा के समीप ले जाती है।कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की संख्या और उत्साह में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। प्रातःकाल से ही पंडाल में भक्ति का माहौल बन गया था। ▶▶| शेष पेज 12 पर

## बोरिडीह व डुमरडीह में गुरु घासीदास जयंती पूर्व संध्या पर भव्य पंथी नृत्य का आयोजन

# बाबा गुरुघासीदास का जीवन समूची मानव-जाति के लिए कल्याण का सन्देश : पूर्व गृहमंत्री साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बोरिडीह एवं ग्राम डुमरडीह में बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती की पूर्व संध्या पर एक दिवसीय भव्य पंथी नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा गुरु घासीदास जी की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने उनके आदर्शों को स्मरण किया। इस सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, सरपंच बोरीगारका चुम्मन यादव, सरपंच डुमरडीह धर्मेंद्र बंजारे, जनपद सदस्य झमित गायकवाड़, पुष्पा साहू, दुलरवा सोनबेर, प्रेमचंद सोनबेर, गोविन्द चेलक सहित समाज के वरिष्ठजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी का "सतनाम" और "मनखे-मनखे एक समान" का संदेश किसी एक वर्ग या समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के लिए समानता, भाईचारे और मानवता का मार्ग प्रशस्त करता है।

■ पंथी नृत्य ने बांधा समां, श्रद्धालु हुए भावविभोर

### गुरू शिक्षा से समाज का होगा कल्याण

उन्होंने कहा कि हमें बाबा गुरु घासीदास जी के बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक समरसता और समानता को मजबूत करना चाहिए। श्री साहू ने गुरु घासीदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे महान संत, समाज सुधारक और सतनामी धर्म के प्रवर्तक थे। उनका जीवन केवल छत्तीसगढ़ की धरती के लिए ही नहीं, बल्कि समूची मानव जाति के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास जी एक सिद्धपुरुष थे, जिनकी अलौकिक शक्तियों और महामानवीय गुणों के कारण आज भी लोग उन्हें श्रद्धा और विश्वास के साथ पूजते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत पंथी नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा, ढोलक-मंजीरा की थाप और भक्ति भाव से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने बाबा गुरु घासीदास जी की शिक्षाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में सहभागिता की और आयोजन को सफल बनाया। इस भव्य आयोजन में दोनों ग्रामों के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और बाबा गुरु घासीदास जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया।

### गुरु घासीदास जयंती पर योग आयोग अध्यक्ष को साहित्यकार केशव ने समरसता पाती पुस्तिका भेंट की



**गुण्डरदेही।** गुरु घासीदास बाबा जयंती के अवसर पर योग आयोग अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा को साहित्यकार केशव राम साहू के द्वारा समरसता पाती लघु पुस्तिका भेंट की गई। जिसमें गुरु घासीदास बाबा जी की संक्षिप्त जीवनी, गुरु बाबा के सप्त सिद्धांत जिसमें सतनाम पर विश्वास, मूर्ति पूजा निषेध, वर्ण भेद की समाप्ति, बलि प्रथा का विरोध, पराई स्त्री को मां मानना, व्यसन मुक्ति, दोपहर धूप में खेत नहीं जोतना के साथ अंचल के साहित्यकार सीताराम साहू श्याम, शिव कुमार अंगारे, प्यारेलाल देशमुख द्वारा लिखित पंथी गीत एवं ज्ञान विज्ञान, अध्यात्म व संस्कृति से संबंधित आलेख वर्णित है जो प्रेरणादाई एवं पठनीय है। इस अवसर पर रूप नारायण सिन्हा ने कहा मनखे मनखे एक समान जैसे मूल मंत्र मानव समाज के लिए प्रेरणादाई है। अंधविश्वास, जातिगत भेदभाव, कुरीतियों को दूर करने का संदेश हमें गुरु बाबा घासीदास के जीवन से मिलता है। इस अवसर पर सतनामी समाज युवा अध्यक्ष कुणाल सिंह कुर्रे, राजभान कुर्रे, रवि कुर्रे, अनूप साहू, परमानंद ठाकुर, राजीव मिश्रा, अभिषेक उपस्थित थे।

# ट्रक-मोटरसाइकिल की भिड़ंत, एक की मौत, बीएसएफ जवान घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर ग्राम दानीटोला बस स्टैंड के समीप बुधवार रात करीब 8 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि बीएसएफ का जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।मृतक की पहचान कुसुमकसा निवासी नीतीश यादव (24 वर्ष), पिता शिवचरण यादव के रूप में हुई है। वहीं हादसे में घायल युवक की पहचान कामेश्वर तुमरेकी के रूप में हुई है, जो सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में पदस्थ हैं। दुर्घटना के बाद दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार नीतीश यादव अपने साथी कामेश्वर तुमरेकी के साथ दुर्ग से मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 24 एस 5486 से अपने गांव कुसुमकसा लौट रहे थे। जैसे ही वे ग्राम दानीटोला बस स्टैंड के पास पहुंचे, सामने से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीएफ 6590 ने उन्हें टक्कर मार दी।हादसे की आवाज सुनकर दानीटोला के ग्रामीण तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों घायलों को गांव के चारपहिया वाहन से जिला अस्पताल बालोद पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने नीतीश यादव को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल बीएसएफ जवान कामेश्वर तुमरेकी का प्राथमिक उपचार कर वार्ड में भर्ती किया गया। घायल के सिर, होंठ सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।घटना की सूचना मिलते ही जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम भी मौके पर पहुंचीं और ग्रामीणों के साथ बैठकर पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। हादसे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और लगभग दो घंटे तक चक्काजाम की स्थिति बनी रही। ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण लगातार दुर्घटनाओं की आशंका जताते हुए ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ ग्रामीणों की मदद से घायलों को पहुंचाया गया जिला अस्पताल

# टेक्नोफेस्ट में टटेंगा स्कूल के तीन मॉडलों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद में जिला प्रशासन तथा शिक्षा विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से 2 दिवसीय बालोद टेक्नो फेस्ट 2.0 का उद्घाटन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, विशेष अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, नीलिमा श्याम तथा अध्यक्षता कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने की। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने सभा को संबोधित किया तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच तथा अभाव में भी प्रभाव छोड़ने की बात कही गई। ऐसे आयोजनो से नवाचार, वैज्ञानिक सोच तथा तकनीकी कौशल का विकास होता है।

इस प्रतियोगिता के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के भौतिक शास्त्र की व्याख्याता पवन सिन्हा के मार्गदर्शन में 3 मॉडल का चयन हुआ। जिसे कक्षा 11वीं विज्ञान के छात्र-छात्राओं सुषमा, पायल, लीना, उपासना, दामिनी, पियूष, युगल, डेविड, त्रिलोक ▶▶| शेष पेज 12 पर

# रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अयोध्या में भव्य मंदिर में विराजित रामलला के दर्शन के लिए बालोद जिले के श्रद्धालुओं का जत्था गुरुवार को भक्तिमय वातावरण के बीच रवाना हुआ।

मुख्यमंत्री रामलला तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग के क्रियान्वयन में आयोजित इस यात्र को बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने सभी यात्रियों का तिलक लगाकर और पुष्पहार से अभिनंदन किया। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को सुखद एवं मंगलमय यात्र की शुभकामनाएं दीं। योजना के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रें से पात्र श्रद्धालुओं का चयन किया गया है, जिन्हें शासन के व्यय पर अयोध्या की तीर्थ यात्र कराई जा रही है। यात्रियों के लिए भोजन, आवास और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि बुजुर्ग और अन्य श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा यह हमारे प्रदेश सरकार की एक अत्यंत पुण्यकारी योजना है।

दशकों के इंतजार के बाद भगवान राम अपने भव्य महल में विराजे हैं और हमारे जिले के नागरिकों को उनका दर्शन लाभ मिलना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के चेहरों पर जो संतोष और खुशी दिख रही है, वही इस योजना की सफलता है। भगवान श्रीराम सबका कल्याण करे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के परिजन उपस्थित थे।

## तवा फेंक, 200 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, कबड्डी और रस्सी खींच खेल हुआ

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मेरा युवा भारत के तत्वावधान में कई खेलों का आयोजन हुआ, जिसमे विजयी प्रतिभागीयो का सम्मान किया गया।

मेरा युवा भारत, खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मध्यम स्कूल कन्नेवाडा बालोद में जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेरा युवा भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलय द्वारा आयोजित बालोद जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कई खेलों का आयोजन, छात्रओं को उपहार ट्रॉफी व मैडल मिला।

इस प्रतियोगिता के अंतर्गत तवा फेंक युवती वर्ग, 200 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग एवं 100 मीटर दौड़ महिला वर्ग, गोला फेंक पुरुष वर्ग एवं सामूहिक खेलो में रस्सी खीच महिला वर्ग,पुरुष वर्ग कबड्डी जैसे खेलों का सफल आयोजन हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कबड्डी प्रतियोगिता में बालाजी क्रीडा मंडल ब्लाक गुण्डरदेही विजेता और बालोद ब्लाक की टीम उपविजेता रही, रस्सा खीच में बालोद महाविद्यालय प्रथम एवं द्वितीय स्व. डारन बाई तारन महाविद्यालय गुरूर ने प्राप्त किया। पुरुष 200 मीटर दौड़ में तिलक बालोद ब्लाक से प्रथम, मयंक सिन्हा ने द्वितीय और तृतीय स्थान मयंक साहू ने प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ महिला वर्ग में प्रथम स्थान संध्या निषाद, द्वितीय हीना ठाकुर गुण्डरदेही ब्लाक से और तृतीय स्थान कविता पटेल ने प्राप्त किया। गोला फेंक में प्रथम स्थान रवि कुमार, विकाश सोनकर गुण्डरदेही ब्लाक से द्वितीय और तृतीय स्थान में नीरज कुमार गुरूर से एवं तावा फेंक में प्रथम स्थान में लीना चंद्रवंशी गुण्डरदेही ब्लाक से, द्वितीय नेहा गुरूर ब्लाक से प्राप्त किया और तृतीय स्थान पर उर्मिला है। जिला युवा अधिकारी नितिन कुमार शर्मा मेरा युवा भारत–दुर्ग ने युवा क्रीड़ा मंडल का गठन कर युवाओं को स्पोर्ट कीट का वितरण किया।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक जिला बालोद डॉ लीना साहू के मार्गदर्शन में तोरण सिन्हा शबरी स्पोर्ट्स क्लब कोच दीपक तारम सहायक कोच ने किया। जहां सहयोगी के रूप में रोशन साहू, रुद्रप्रताप साहू, विक्की कुमार, सोमेश साहू, टेकराम पटेल, देवेन्द्र साहू नमता, पेमेश्वरी, गीतांजलि, पूजा और मिथलेश तारम उपस्थित थे। इस अवसर पर उद्घाटन में मुख्य अतिथि विधायक विधानसभा बालोद संगीता सिन्हा थी। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कांग्रेस चंद्रेश हिरवानी ने किया। विशेष अतिथि प्राचार्य कन्नेवाडा विनोदनी यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश, सरपंच कन्नेवाडा लता सिन्हा, सरपंच कर्हिभदर बसंत तारम उपस्थित थे।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष बालोद प्रतिभा ▶▶| शेष पेज 12 पर

### सरस्वती शिशु मंदिर में कल मातृ संगोष्ठी व सम्मेलन का आयोजन

**लाटाबोड़।** जगन्नाथपुर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 20 दिसंबर शनिवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम के अंतर्गत मातृ संगोष्ठी और सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज की मातृशक्ति को एक मंच पर एकत्रित होकर स्व के बोध का जागरण करते हुए आओ सखी संवारे अपना घर विचार को सार्थक और सफल बनाना है। आयोजन में सिर्फ महिला अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। जो विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा और राजनीति से जुड़े हुए हैं। इस दौरान माताओं के लिए मटका दौड़, बाल्टीबॉल, आंखों का खेल, फुग्गा फुलाओ आदि रोचक कार्यक्रम भी रखे गए उक्त जानकारी संस्था के प्रधानाचार्य ताराचंद साहू ने दी।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### मित्र कुंभ 2025 समारोह का हुआ आयोजन

**दुर्ग।** शासकीय पॉलिटेक्निक दुर्ग के पूर्व छात्र संघ द्वारा एक दिवसीय मित्र कुंभ 2025 पुनर्मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और प्राचार्य, फैकल्टी समेत पूरे पॉलिटेक्निक परिवार को भावनात्मक रूप से जुड़े। यह आयोजन मुख्यतः सन 1975 बैच के स्वर्ण जयंती वर्ष और सन 2000 बैच के रजत जयंती वर्ष को समर्पित था। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से सन 1974 से 2023 तक के करीब 150 पूर्व छात्रों ने भाग लिया और कॉलेज से अपनी गहरी जुड़ाव का अनुभव साझा किया। एलुमिनी एसोसिएशन ने कॉलेज और वर्तमान छात्रों के उत्थान हेतु कई नई पहल की घोषणाएं भी की। संस्था के संरक्षक एवं प्राचार्य प्रकाश कुमार पांडे ने छात्रों को मार्गदर्शन दिया और एसोसिएशन की सफलता पर बधाई दी। अध्यक्ष डॉ. हिमानी अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. रचना सिंह ने किया।

### मंजूलता अग्रवाल को पीएचडी की उपाधि

**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा गत दिनों वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टंक राम वर्मा उच्च शिक्षा मंत्री, प्रो. वीके गोयल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग और सुशील चंद्राकर कुलाधिपति भारती विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा मंजुलता अग्रवाल डायरेक्टर अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस को समाजशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।



### सामान्य सभा की बैठक 22 दिसम्बर को

**दुर्ग।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 22 दिसम्बर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में धान खरीदी, मत्स्य विभाग, स्वास्थ्य, खनिज, कृषि, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक 19 दिसम्बर को

**दुर्ग।** जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक 19 दिसम्बर को शाम 5 बजे जिला कार्यालय दुर्ग के सभाकक्ष में आयोजित है। उक्त बैठक में कर्मचारी संगठनों से प्राप्त एजेण्डा में उल्लेखित बिन्दुओं पर विभाग के जिलास्तर से संबंधित समस्याओं के निराकरण के संबंध में चर्चा की जाएगी। सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों को उक्त बैठक में स्वयं अपने विभाग की जानकारी के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

# आयुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने दिए सख्त निर्देश

## सफाई व्यवस्था का देखा हाल, गंदगी, कचरा एकत्र देख भड़के आयुक्त, उठवाने के लिए कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ननि आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों की टीम के साथ शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। तड़के सुबह शुरू हुए इस निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री अग्रवाल ने सड़क, नालियों, सार्वजनिक स्थानों और अन्य क्षेत्रों की साफ-सफाई की वास्तविक स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर गंदगी, कचरा एकत्र होने और समय पर उठाव न होने की शिकायतें मिलीं। इस पर आयुक्त ने संबंधित कर्मचारियों को तुरंत कार्रवाई करने और निर्धारित समय पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुबह की सफाई सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### रोड किनारे झाड़ियों को काटने किया निर्देशित

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने रास्तों के किनारे जमा झाड़ियों को काटने, नालियों की नियमित सफाई कराने और मुख्य मार्गों पर गंदगी न होने देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने टीम को कहा कि जिन वार्डों में शिकायतें अधिक मिलती हैं, वहां विशेष निगरानी रखी जाए।



### साइन बोर्ड हटाने के दिए निर्देश

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने मालवीय नगर क्षेत्र दीपक नगर में सड़क किनारे दुकानों के साइन बोर्ड एवं आसपास साइन बोर्ड निकलवाने के निर्देश। भीड़भाड़ वाले स्थानों स्टेशन रोड ग्रीन चौक क्षेत्र में सड़क किनारे ठेलों को हटवाने के निर्देश ओर स्वच्छता बनाए रखने के लिए दुकानदारों व आस-पास के व्यवसायियों को भी जागरूक किया। साथ ही गन्दगी करने वालो से जुर्माना वसूल करने के निर्देश। इस दौरान प्रभारी कार्यपालन अभियंता गिरीश दीवान, उपअभियंता हरिशंकर साहू, उपअभियंता विनोद मांझी, उपअभियंता अर्पणा मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, राहुल सहित वार्ड सफाई दरोगा, सुपरवाइजर के अलावा अतिक्रमण टीम मौजूद रहें।

## आयोजन : आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्र निर्माण का संदेश

# वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञाग्नि के बीच अंजोरा में हुआ भव्य 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम अंजोरा की पावन धरती आज एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण की साक्षी बनी, जब राष्ट्र–शौर्य समृद्धि 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया।

वेदों की दिव्य ऋचाओं, मंत्रों की गूंज और यज्ञाग्नि की पवित्र ज्वालाओं के मध्य प्रारंभ हुआ यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि राष्ट्र, समाज और व्यक्ति के सर्वांगीण उत्थान का सशक्त माध्यम बनकर उभरा।महायज्ञ की सबसे विशेष बात यह रही कि इसमें बड़ी संख्या में दंपति यजमानों ने श्रद्धा, संयम और पूर्ण विधि-विधान के साथ सहभागिता की। भारतीय संस्कृति में गृहस्थ जीवन में यज्ञ का विशेष महत्व माना गया है, जहां पति–पत्नी मिलकर देव, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। दंपति यजमानों की सहभागिता ने आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया। यह 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ ग्राम अंजोरा की गौठान भूमि पर आयोजित किया जा रहा है, जिसे भारतीय परंपरा में अत्यंत पुण्यदायी और तीर्थ तुल्य माना गया है। गौ माता की सेवा, संरक्षण और संवर्धन के इस पवित्र स्थल पर यज्ञ का आयोजन आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष फलदायी माना जा रहा है। शास्त्रों में वर्णित है कि जहां गौ माता का वास होता है, वहां स्वतः देवताओं का निवास माना जाता है।यज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रों के उच्चारण से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। आहुतियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपने भीतर के विकारों—अहंकार, क्रोध, लोभ और ईर्ष्या—का त्याग कर आत्मशुद्धि का संकल्प लिया। गायत्री महायज्ञ को विशेष रूप से बुद्धि की शुद्धि, विवेक जागरण और सद्बुद्धि के विकास का माध्यम माना गया है। आयोजन से जुड़े विद्वानों ने बताया कि यज्ञ का वैज्ञानिक महत्व भी है।






यज्ञ से उत्पन्न धूम्र और वाष्प वातावरण को शुद्ध करने में सहायक होते हैं, जिससे वायु में उपस्थित हानिकारक जीवाणुओं का नाश होता है। साथ ही यज्ञ में सहभागिता से मानसिक शांति, सकारात्मकता और आत्मविश्वास का विकास होता है। राष्ट्र–शौर्य समृद्धि के संकल्प के साथ आयोजित यह महायज्ञ सामाजिक एकता, नैतिकता और सांस्कृतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का संदेश दे रहा है। ग्राम अंजोरा की पावन भूमि पर संपन्न हो रहा यह 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ निश्चित रूप से राष्ट्र, समाज और मानवता के कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।



# शाला भाठागांव आर में नेवता भोज कराया गया

**गुण्डरदेही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भाठागांव आर में खुश्मिता पिता चित्रकांत कतलम के द्वितीय जन्मदिन के अवसर पर स्कुली बच्चों को नेवता भोज कराया गया। नेवता भोज का आयोजन कक्षा पहली से बारहवी तक के सभी बच्चों के साथ समस्त स्टॉफ को भी कराया गया। प्राचार्य रूबी जॉनसन ने इस आयोजन के लिए आयोजक कतलम परिवार को धन्यवाद देते हुए इस प्रकार के आयोजन करते रहने के लिए समुदाय को प्रेरित किया।



# 14 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से

बालोद, गरियाबंद, महासमुंद, कांकेर, कोंडागांव व राजनांदगांव में दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/बालोद

स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की आरएएमपी योजना के तहत 19 दिसंबर से बालोद, गरियाबंद, महासमुंद, कांकेर, कोंडागांव व राजनांदगांव में 14 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का क्रियान्वयन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से पाजिटिव मंत्रा कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उद्यम स्थापना की प्रक्रिया, व्यवसाय योजना निर्माण, वित्तीय साक्षरता, बैंक ऋण एवं सरकारी योजनाएँ, लागत एवं लाभ विश्लेषण, गुणवत्ता मानक, डिजिटल मार्केटिंग, बाजार से जुड़ाव, जोखिम प्रबंधन तथा एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित व्यावहारिक जानकारियाँ प्रदान की जाएंगी। इच्छुक युवा जो स्वयं का व्यावसाय प्रारंभ करना चाहते हैं। स्थापित एमएसएमई उद्यमी, महिला उद्यमी तथा महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाएँ प्रशिक्षण से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता एवं पंजीकरण प्रक्रिया हेतु अपने संबंधित जिले के जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

19 दिसंबर से बालोद, गरियाबंद व राजनांदगांव में प्रशिक्षण आरंभ किया जाएगा। 20 दिसंबर से महासमुंद व कांकेर में तथा 22 दिसंबर से कोंडागांव में प्रशिक्षण आरंभ किया जाएगा।

# तहसील साहू संघ गुण्डरदेही की प्रथम कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

तहसील साहू संघ गुण्डरदेही के शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रथम कार्यकारणी की बैठक बुधवार को साहू सदन मे रखी गई थी। बैठक तहसील अध्यक्ष डां मानसिंह सार्वा के सहमति से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकोष्ठों के गठन की कार्यप्रणाली संबंधी चर्चा, साहू सदन भवन एवं व्यवसायिक परिसर किराया निर्धारण, सभी परिक्षेत्र के नियमित ऑडिट एवं भवन मरम्मत रंग रोगन किए जाने पर चर्चा हुई। उक्त बैठक में उपाध्यक्ष हेमंत साहू, सचिव किशन लाल, सचिव तीरथ देवी साहू, सचिव संतोष साहू, रागिनी साहू, वर्षा साहू, सह संयोजिका महिला प्रकोष्ठ कविता साहूएवं सभी परिक्षेत्र अध्यक्षगण तथा कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

# नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशामुक्ति की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

रजत जयंती महोत्सव 2025 के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा संचालित योजना नशामुक्त भारत अभियान के तहत सेंट थॉमस कॉलेज रूआबांधा भिलाई में महाविद्यालयीन 250 छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि डॉ. देबजानी मुखर्जी महाविद्यालयीन प्राचार्य एवं अध्यक्षता माया यादव वार्ड पार्षद के आतिथ्य में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

## विधायक देवेंद्र ने ट्रेड यूनियन, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों से मांगा समर्थन



**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव सेल बीएसपी प्रबंधन के निर्णय के खिलाफ 20 और 21 दिसंबर को सिविक सेंटर में दो दिवसीय प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान वे उपवास भी रखेंगे। विधायक ने पत्र लिखते हुए सभी यूनियन और व्यापारियों से समर्थन मांगा है। विधायक देवेंद्र का कहना है कि बीएसपी भिलाई की शान है, भिलाई की पहचान है। ऐसे में बीएसपी प्रबंधन की कुछ नीतियां जन विरोधी है। इसलिए अब सभी को एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने इंटक, सीटू, एटक, एक्टू, स्टील, ठेका श्रमिक यूनियन, भिलाई अनाधिशासी कर्मचारी संघ, एचएएमएस, ऑफिसर्स एसोसिएशन, एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन समेत सभी यूनियन और संगठनों से विधायक ने समर्थन मांगा है।

## अग्निवीर भर्ती रैली 10 से 24 जनवरी तक

**दुर्ग।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 10 से 24 जनवरी 2026 तक इंडोर स्टेडियम, धमतरी में छत्तीसगढ़ के समस्त 33 जिलों के पुरूष उम्मीदवारों के लिये अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दुर्ग जिला के ऐसे आवेदक जिन्होंने 30 जून 2025 से 10 जुलाई तक आयोजित ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई में भाग लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की है वे आवेदक इस भर्ती रैली में शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकेंगें। इस रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेडसमेन के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

# साइकिल पाकर खिले छात्राओं के चेहरे रिसाली महापौर सिन्हा ने बांटी

**भिलाई।** रिसाली नगर निगम की महापौर शशि सिन्हा ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यालय रिसाली में 9वीं की छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण किया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस दौरान एमआईसी सदस्य अनिल देशमुख, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद सीमा साहू व स्कूल की प्राचार्य, शिक्षकगण उपस्थित रहे।




### दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम असोगा, तहसील पाटन व जिला दुर्ग निवासी जागेश्वर साहू की विगत 13 जून 2024 को ग्राम असोगा के दर्री तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. जागेश्वर साहू के माता रामबाई साहू पति स्व. रामनाथ साहू निवासी असोगा तहसील पाटन जिला दुर्ग को 2 लाख रूपए एवं पिता युवराज पिता स्व. कृष्णा निवासी ग्राम खपरी तहसील भखारा जिला धमतरी को 2 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## पेज 11 के शेष

### मानव जीवन का लक्ष्य ...

जैसे ही कथा आरंभ हुई, पूरा परिसर "हर-हर महादेव" के जयकारों से गूंज उठा। पं. मिश्रा ने मानव जीवन के उद्देश्य, परिवार में संस्कारों की भूमिका और गृहस्थ जीवन में धर्म के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कथा सुनना तभी सार्थक है, जब उसे जीवन में उतारा जाए। केवल मंदिर जाना या कथा सुनना पर्याप्त नहीं, बल्कि आचरण में बदलाव ही सच्ची भक्ति है।उन्होंने पति-पत्नी के संबंध को आध्यात्मिक यात्रा का सहयात्री बताया और कहा कि यदि घर का वातावरण शांत, संयमित और संस्कारयुक्त हो, तो वही घर समाज को सही दिशा देता है। माताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को डांट से नहीं, बल्कि प्रेम, समझाइश और स्वयं के आचरण से गढ़ा जाता है।कथा के दौरान समाज में बढ़ते अपराधों पर भी चिंतन किया गया।

पं. मिश्रा ने कहा कि अपराध रोकने की शुरुआत घर से होती है। स्त्री—मां और पत्नी—यदि घर में संस्कार, संवाद और संयम का वातावरण बनाए, तो बड़े-बड़े अपराध जन्म लेने से पहले ही रुक सकते हैं।आधुनिक जीवनशैली पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि आज लोग विचारों का मंथन छोड़कर मोबाइल का मंथन कर रहे हैं। परिवार के हर सदस्य के हाथ में मोबाइल है, जिससे संवाद टूटता जा रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि रात में सोने से पहले मोबाइल छोड़कर परिवार और जीवन मूल्यों पर चिंतन करें।दान और सेवा पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि दूर कहीं दान देने के बजाय आसपास के जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा, मरीजों की सेवा और गरीबों की सहायता करें। यही सच्ची शिवभक्ति है।इधर, शिवपुराण कथा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दुर्ग पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। कथा स्थल और आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। लगभग 500 पुलिसकर्मी और 26 अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात हैं। प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच श्रद्धालु शांतिपूर्वक कथा का रसास्वादन कर रहे हैं। इस दिव्य आयोजन ने न केवल नगपुरा, बल्कि पूरे दुर्ग अंचल को शिवमय कर दिया है। श्रद्धालु कथा से प्रेरणा लेकर सत्य, करुणा और भक्ति के मार्ग पर चलने का संकल्प ले रहे हैं।

### ट्रक-मोटरसाइकिल की भिड़ंत...

स्कूल के पास स्पीड ब्रेकर, सड़क पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। सूचना मिलने पर बालोद थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा एवं जिला यातायात प्रभारी रविशंकर पांडे पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई।इधर, दुर्घटना के बाद ट्रक चालक स्वयं ट्रक सहित बालोद थाना पहुंचकर समर्पण कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया। मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार को परिजनों को सौंप दिया गया। जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने जिला अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया और घायल जवान के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### टेक्नोफेस्ट में टटेंगा ...

ने बनाया। यह सभी विद्यार्थी व्याख्याता अजय पाठक, हेपशीबा एंथोनी और हर्षा देवांगन के नेतृत्व में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इन मॉडलों में ट्रेन में डकैती कैसे रोके, पटरी पर यदि दूसरी गाड़ी या जानवर आ जाए तो ट्रेन के पायलट को कैसे सूचना मिले तथा एक्सीडेंट की स्थिति में यात्रियों को तुरंत लाभ कैसे हो जिससे जानमाल की हानि कम हो पर आधारित थी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा के साथ बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय खेलकूद ...

चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जिला बालोद तोमन साहू थे। विशेष अतिथि डिप्टी डायरेक्टर माई भारत मेरा युवा भारत–दुर्ग नितिन कुमार शर्मा, अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद सरस्वती टेमारिया, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद दिनेश सिन्हा, सरपंच जामगांव (बी) दिनेश देवांगन, सरपंच हनौद लताकिशोरी संधारे, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कर्हिभदर धर्मेन्द्र साहू उपस्थित थे।

### ट्रक ने बाइक भिड़त में एक ...

क्रमांक सीजी 24 एस 5846 से दोनो दुर्ग गये थे जो दुर्ग से अपना काम कर मोटर साइकिल से वापस कुसुमकसा आ रहे थे कि रात्रि करीबन 08 बजे ग्राम दानीटोला मेन रोड बस स्टैण्ड के पास पहुचे थे तभी सामने से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीएफ 6590 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफतार से चलाते हुए मेरे बेटे के मोटर साइकिल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है जिससे नितिश यादव को गंभीर चोट लगने से मृत्यु हो गई है तथा उसके साथी कामेश्वर के सिर, चेहरा एवं शरीर के अन्य हिस्सो पर चोट आया है।

जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल बालोद भर्ती किये है। मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गया है। एक्सीडेंट की सूचना राहगीरो के द्वारा प्राप्त होने पर जिला अस्पताल बालोद आया था। कामेश्वर को ईलाज हेतु भर्ती किया गया है।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### गुलशन साहू बने भाजयुमो बालोद के जिलाध्यक्ष



गुण्डरदेही। भाजयुमो नेता व गुण्डरदेही जनपद के सभापति अर्जुनी निवासी गुलशन साहू को भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ता व जनपद क्षेत्र के सभी लोगो ने हर्ष व्यक्त की है।

### आदित्य सिंह पीपरे बने भाजयुमो के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख

गुरूर। भारतीय जनता युवा मोर्चा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष आदित्य सिंह पीपरे को प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख बनाया गया है। जिस पर पार्टी कार्यकर्ता व नेताओ ने हर्ष व्यक्त की है।



आदित्य पिपरे ने कांग्रेस शासन काल में भाजयुमो जिला का नेतृत्व किया था, विपक्ष मे रहते हुए भाजयुमो जिला अध्यक्ष के रूप में आदित्य पिपरे ने कांग्रेस शासन के खिलाफ में अपनी दमदार एवं प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराते हुए कई आंदोलन किए थे। अपने जिला अध्यक्षीय कार्यकाल में आदित्य पीपरे द्वारा किए गए कार्यो को देखते हुए आदित्य पिपरे को बड़ी जिम्मेदारी देने की चर्चा थी। प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख बनाए जाने पर जिले में युवाओ के मध्य जबरदस्त उत्साह है।

### आनंद पब्लिक स्कूल में कल लगेगाआनंद मेला

डौंडीलोहारा। नगर स्थित आनंद पब्लिक स्कूल में कल शनिवार को विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण को समर्पित आनंद मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला विद्यालय परिसर में प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होगा।विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार मेले में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई विज्ञान प्रदर्शनी, रैंप वॉक, फैंसी ड्रेस, रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियां, मनोरंजक खेल, फन एंड फेयर के साथ ही स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेंगे। मेले के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। विद्यालय परिवार ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं आमजन को सपरिवार मेले में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।कार्यक्रम का आयोजन सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के तत्वावधान में किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन समिति, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

### सोनकर समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 21 को

बालोद। छ.ग. सोनकर समाज के द्वारा प्रदेश स्तरीय विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन आदर्श विवाह एवं वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन 21 दिसंबर को ग्राम नेवारीकला में किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव रहेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि में सांसद कांकेर लोकसभा क्षेत्र भोजराज नाग, विधायक संजारी बालोद विधानसभा संगीता सिन्हा रहेंगी। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष छ.ग. सोनकर समाज शारदा प्रसाद सोनकर करेंगे। विशिष्ट अतिथि में उपाध्यक्ष छ.ग. लघु वनोपज संघ यज्ञदत्त शर्मा, प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री यशवंत जैन, महापौर नगर पालिका निगम धमतरी रामू रोहरा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़िया सर्वसमाज रमेश यदु, अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद चेमन देशमुख, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद चन्द्रेश हिरवानी, सरपंच ग्राम पंचायत नेवारीकला डिलेश्वरी सोनकर, अध्यक्ष नेवारीकला राज सोनकर समाज हेमराज सोनकर रहेंगे। यह जानकारी प्रदेश शिक्षा समिति सदस्य संतराम सोनकर ने दी।

---

सम्मेलन

# नगर में हुआ विशाल हिंदू सम्मेलन, हजारों की संख्या में समाज की सहभागिता रही

## जाति नहीं, कर्म के आधार पर चलता है सनातन धर्म - राजकुमार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

- सर्व समाज प्रमुखों का मंच पर सम्मान, एकता का संदेश

इस भारत भूमि को महान व पूण्य बनाने के लिए हमारे लाखो ऋशि मुनियों ने त्याग, तपस्या, साधना करके अपने ज्ञान से धरती को सिंचित किया। भारत भूमि में महान कवि हुए, जहां प्रतापी राजा हुए जिन्होने भारत को परम वैभव तक पहुंचाया। आज जात पात में बटे हिन्दूओं को जगाना है कि हम सब एक है। सनातन को जाति आधार पर नही कर्म आधार पर कार्य करती है। उक्त बाते नगर में आयोजित हिन्दू सम्मेलन धर्म जागरण मंच प्रांत प्रमुख राजकुमार चन्द्रा ने मुख्य वक्ता के रूप में कही। राजकुमार चन्द्रा ने कहा आज हिन्दुओं को विदेशी प्रलोभनो, धर्मांतरण से बचाना है एवं जो धर्म बदल कर इधर, उधर चले गए है। उन्हे वापस लाकर हिन्दुओं को बढ़ाना है। राजकुमार ने कहा हमे अधिकार के साथ कर्तव्यो को भी जानना है। हमे अपने धर्म के प्रति कर्तव्यो का पालन करना है। राजकुमार ने कहा हिन्दू मतलब अधंकार में ज्योतिबिंदू। नगर में जिले का प्रथम हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। विकास खण्ड के सभी नौ मण्डलो में हिन्दू सम्मेलन प्रस्तावित है। सम्मेलन में विभिन्न समाजो के प्रमुख वक्ता प्रांत प्रमुख धर्म जागरण मंच राजकुमार चन्द थे। सहायक वक्ता अध्यक्ष गोण्डवाना समाज उत्तरा मरकाम, कथावाचक गौसेवक बंटी गोपाल थे। अतिथि आरएसएस जिला कार्यवाह संतोश साहू, आरएसएस जिला सह कार्यवाह विनोद साहू उपस्थित थे। मंच संचालन जितेन्द्र शर्मा ने किया।









मंच में प्रमुख रूप से लघु वनोपज संघ प्रदेश उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, सतनामी समाज प्रमुख टीकम जोशी, गोडवाना समाज प्रमुख उत्तरा मरकाम, महार समाज प्रमुख दिनेश्वरी सोनवानी, साहू समाज प्रमुख दुलारू राम साहू, देवांगन समाज प्रमुख राकेश देवांगन, सिन्हा समाज प्रमुख चंदन सिन्हा, यादव समाज प्रमुख सालिक यादव, ब्राम्हण समाज प्रमुख सुरेश पाण्डेय, राजपूत समाज प्रमुख विक्रय राजपूत, हल्बा समाज प्रमुख मनोहर किशोर, पनिका समाज प्रमुख गोपाल दास मानिकपुरी, धोबी समाज प्रमुख झंगलू राम रजक, सेन समाज प्रमुख बेनूराम सेन, ढीमर समाज प्रमुख जितेन्द्र ओझा, मरार समाज प्रमुख विश्वनाथ पटेल, देवार समाज प्रमुख रोहित नेताम, माहेश्वरी समाज प्रमुख शंकर लाल टावरी, सिक्ख समाज प्रमुख करतार सिंह मिशन, सिंधी समाज प्रमुख अमर वाधवानी, जैन समाज प्रमुख अजय पारख, गंधर्व समाज प्रमुख सतीश जगदल्ले, मराठा समाज प्रमुख मोहित रावजी, गोस्वामी समाज प्रमुख देवराज पुरी गोस्वामी के प्रमुखो का सम्मान किया गया एवं उन्होने अपने विचार रखे। गुरुवार को नगर में विशाल हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें हजारों की संख्या में सर्व समाज सम्मिलित होकर विशाल हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम को सफल बनाएं कार्यक्रम मैं भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं गुरु घासीदास बाबा जी के तैलचित्रें के पुजा अर्चना कर विशाल रैली निकाली गई रैली का मार्ग में जगह जगह पुष्पवर्शा कर स्वागत अभिनंदन किया गया। जो बाजार चौक से होते हुए मुख्य मार्ग अंबेडकर चौक होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं सर्व समाज प्रमुखों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता अतिथिगण भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, ईशा प्रकाश साहू, यादराम साहू, प्रदीप साहू, चन्द्रप्रकाश गांधी ,ताम्रज यादव, जिला प्रचारक बालोद भागीरथ यादव, खंड कार्यवाहक सुपेश साहू, खंड सह कार्य वाहक लिकेश्वर साहू, रामसहाय साहू सहित अधिक संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर सहित स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया था जिसमें अलग–अलग स्कूलों से पहुंचे छात्र–छात्रओं ने देशभक्ति गुरु घासीदास बाबा जी की संदेश एवं हिंदू जागरण गीतों के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाएं इस सम्मेलन कार्यक्रम में सर्व समाज का उत्साह देखा गया जिसमें नगर सहित अलग–अलग ग्रामों से पहुंचकर हिंदू धर्म सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

---

# मंगचुवा में दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौण्डीलोहारा

- 11 ग्राम पंचायतों के खिलाड़ियों ने लिया भाग



वनांचल क्षेत्र के ग्राम मंगचुवा क्लस्टर में 11 ग्राम पंचायतों के सहभागिता से दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। इस खेल महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना, प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। यह आयोजन 18 एवं 19 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। मंगचुवा क्लस्टर अंतर्गत आयोजित इस सांसद खेल महोत्सव में ग्राम पंचायत मंगचुवा, खैरकट्टा, चिलमगोटा, रेंगाडबरी, भीमाटोला, जुन्नापानी, तुरमुड़ा, दल्ली, करेंगांव, बंजारी एवं करतुटोला के खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। खेल मैदान में ग्रामीण खिलाड़ियों का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा है।खेल महोत्सव के दौरान कबड्डी, खो-खो, रस्सी खींच, वॉलीबॉल, गिल्ली-डंडा, लंबी कूद एवं ऊंची कूद जैसी पारंपरिक व आधुनिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में पुरुषों के साथ-साथ युवाओं की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिल रही है।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम रहे। विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मंगचुवा की सरपंच उमा जैन, उत्तरा घरेंद्र अध्यक्ष भाजपा मंडल रेंगाडबरी के महामंत्री पूनमचंद जैन उपस्थित रहे। इसके अलावा आसपास के ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दो दिवसीय इस खेल महोत्सव को लेकर ग्रामीणों एवं खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है, वहीं आयोजन समिति द्वारा सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

---

# चुल्हापथरा में आज से श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन

गुरूर। तुरूपमार सार्वा परिवार चुल्हापथरा द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 19 दिसंबर से 27 दिसंबर तक किया गया है। जिसमे कथावाचक पंडित श्री देव जी महराज होंगे। परायणकर्ता पंडित गजेन्द्र कृष्ण दुबे महराज होंगे। कथा सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक व दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। कथा में परिक्षित यजमान मोजी राम साहू सोहद्र बाई साहू होंगे।

जिसमे प्रथम दिवस 19 दिसंबर को मंगलमय कलश यात्र, वेदी पूजा, पुराण पूजन, व्यास, गौकरण भागवत कथा होगा। द्वितीय दिवस 20 दिसंबर को मंगलाचरण, महाभारत खण्ड, परिक्षित जन्म, मंगातर समीत, शुकदेव कथा होगा। 21 दिसंबर को श्रृष्टि खंड, वराह अवतार, कपिलनारायण अख्यान, धुरवसति जड़भरत कथा होगा। 22 दिसंबर को अर्जनाथ खण्ड, कथा पुरंतनो आ ख या न , प्रहलाद कथा होगा। 23 दिसंबर को गजग्रह, समुद्र मंथन, वामन अवतार, राम अवतार, कृष्ण जन्मोत्सव कथा होगा। 24 दिसंबर को मंदोत्सव, बाल लीला, गोवर्धन धारण, कंस वध, रूखमणी विवाह, मंगलकथा होगा। 25 दिसंबर को सोलह हजार एक सौ आठ रानियो की अनुग्रह, बाणसुर, नृग सुदामा चरित्र कथा होगा। 26 दिसंबर को गुरूगीता, श्री कृष्ण गोकुल धाम गमन, परिक्षित मोक्ष, चढ़ौत्री, शोभायात्र निकाला जाएगा। 27 दिसंबर को गीतासार, वर्ध, हवन कपिता तर्पण, सहस स्नान, महाआरती, पूर्णाहूति होगा। कथा में रोमन लाल साहू, सोमलता साहू, कुमारी बाई, पार्वती साहू मिथला बाई, मन्नत बाई, मालती, हेमीन, रामाधार, शांति, दुष्यंत कुमार साहू, खेमलता साहू, टामिन, रोशन, ओमीन, पितेश्वरी, लोकेश्वरी, चुरामन, किरण, विष्णु, चन्द्रकली, गिरवर, कामिन, तुलाराम, भूखीन, लोकेन्द्र कुलेश्वर, रोहनी, कौशल, रूखमणी, किरतन, यशोदा, यशकुमार, निकेश्वरी कमलनारायण, ओमेश्वरी, अगेश्वर, सीमा साहू, मन्नू लाल, छबिली, टकेश्वर, चन्द्रकांत तथा ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।



---

# नेवारीकला स्कूल में एनएसएस शिविर का आयोजन

## बौद्धिक चर्चाओं से निखर रहा स्वयंसेवकों का व्यक्तित्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद




शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांकरा ज के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा 14 दिसंबर से शिविर का आयोजन ग्राम नेवारीकला में किया जा रहा है। जिसका समापन 20 दिसबर को होगा।

जिसमे 14 दिसंबर को शिविर स्थापना एवं उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य बालोद निर्मला बंजारे थी। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत नेवारीकला डिलेश्वरी सोनकर ने किया। अतिथि ग्राम विकास समिति अध्यक्ष जोहन साहू, पूर्व सरपंच प्रकाशचंद नाहर, ग्राम पटेल प्रमोद यादव, सचिव ग्राम पंचायत केशन कुमार धनकर, रोजगार सहायक कविता यादव, पंच जयमाता कुंभकार, रैन बाई साहू, गीता बाई सेन, उशा बाई गेडाम, कुसुम बाई साहू, सुशिला यादव, मोहिनी साहू, कुमारी बाई सोनकर, लता सोनकर, सरिता बाई कुंभकार, रूपेश्वरी सोनकर एवं ग्रामीण उपस्थित थे। वही पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह 20 दिसंबर के अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष बालोद तोमन साहू रहेंगे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष बालोद सरस्वती टेमरिया करेंगी। अतिथि सरपंच नेवारीकला डिलेश्वरी सोनकर, प्राचार्य हाई सेंकेण्ड्री स्कूल नेवारीकला ज्योति देशमुख, प्राचार्य माध्यमिक शाला चोवा राम ठाकुर, प्राचार्य प्राथमिक शाला विष्णु राम साहू, सीएसी संकुल नेवारीकला संदीप दुबे, सरपंच भोथली लक्ष्मी निशाद, सरपंच देवीनवागांव निर्मल बनपाल, सरपंच पड़कीभाट भोला राम यादव, सरपंच टेकापार टेमे"वरी साहू, सरपंच ओरमा मंजूलता परस साहू, ग्राम पंच तेजप्रकाश सोनकर, संतराम सोनकर, नेतराम साहू, हरप्रसाद निर्मलकर, भगतराम सोनकर, रामविलास साहू, महेश कुमार सोनकर, तुलसी साहू व ग्रामीण उपस्थित रहेंगे। वही कार्यक्रम के तहत 14 दिसंबर को शिविर स्थापना एवं उद्घाटन किया गया। 15 दिसंबर दोपहर को बौद्विक परिचर्चा के तहत सायबर सेल आरएल चुरेन्द्र एवं महिला बाल विकास सीता गोस्वामी उपस्थित थे। 16 दिसंबर को बौद्विक परिचर्चा में स्वास्थ परीक्षण एवं संबंधित जानकारी आयुश विभाग जिला कार्यालय बालोद द्वारा दी गई। 17 दिसंबर को बौद्विक परिचर्चा में व्यक्तत्वि विकास एवं चरित्र निर्माण के तहत सहायक संचालक जनसंपर्क अधिकारी बालोद पीआरओ चन्द्रेश ठाकुर उपस्थित थे। 18 दिसंबर को नशामुक्त व तनावमुक्त समाज एवं युवा भारत के तहत विभागअध्यक्ष मनोचिकित्सक राजनांदगांव डॉ लोकेश रंजन व सहायक प्रोफेसर मनो. सिमहास राजनांदगांव मनीश सिन्हा उपस्थित थे। 19 दिसंबर को आज बौद्विक परिचर्चा में अनुशासन एवं नैतिक मूल्यो का विकास के तहत प्राचार्य नेवारीकला ज्योति देशमुख उपस्थित रहेंगी। 20 दिसंबर को शिविर समापन के तहत पुरूस्कार वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। शिविर में संयोजक कार्यक्रम अधिकारी खिलेश गंगासागर, सह संयोजक व्याख्याता ईश्वर लाल लेडिया, कोमल सिंह देशमुख, ललिता सोरी, संरक्षक व प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांकरा ज एमएल गौतम है।

---

### जिला भाजपा कार्यालय में मनाई बाबा गुरु घासीदास की जयंती



बालोद। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में गुरु घासीदास जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष देशमुख ने गुरु घासीदास के संदेशों को याद करते हुए कहा गुरु घासीदास ने सत्य अहिंसा समानता और सामाजिक समर सत्ता का उपदेश दिया, जिसके माध्यम से उन्होंने लोगों को एक बेहतर और न्याय पूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दी। गुरु घासीदास का एक संदेश, विचार काफी महत्वपूर्ण है, मनखे–मनखे एक समान का मतलब है सभी मनुष्य को एक समझना जाती पाती का भेद मिटाना, जो सामाजिक समानता और भाई चारे पर जोर देता है। इस कार्यक्रम में अश्वनी यादव, पूर्व जिला महामंत्री देवेंद्र जायसवाल, महामंत्री राकेश छोटू यादव, ठाकुर रामचंद्राकार, सुरेंद्र देशमुख, भुवनेश्वरी ठाकुर, प्रेम साहू, जितेंद्र साहू, कमलेश सोनी, लोकेश श्रीवास्तव, राजेश दसोडे, राकेश द्ववेदी, विनोद जैन, कमल पनपालिया, विकास साहू, महेश पाठक, विरेन्द्र साहू, टिक्कू यादव, दिनेश, रेवा एवं जिले के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नगर में उत्साह के साथ मनाई गई गुरू घासीदास जयंती



गुरूर। नगर में गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर समाज द्वारा शोभायात्र का आयोजन किया गया। जो नगर के विभिन्न चौक चौराहो से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां समाज प्रमुखो के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान समाज अध्यक्ष तिलक जोशी, उपाध्यक्ष दयाराम गायकवाड़, सचिव डामन लाल देशलहरे, चन्द्रहास गायकवाड़, के साथ पूर्व पार्शद वार्ड नंबर 11 गजेन्द्र मंडावी, पार्शद वार्ड क्रमांक 10 अनाराम यादव उपस्थित थे।

---

अमरकंटक में सोनमुड़ा से देखा मनोहारी सूर्योदय

# सेजस स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण में धार्मिक, प्राकृतिक व ऐतिहासिक स्थलों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

- नर्मदा उद्गम, कपिलधारा और प्राचीन मंदिरों का अवलोकन

सेजस विद्यालय दुधली के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित शैक्षणिक भ्रमण के दौरान धार्मिक, प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से प्रकृति, संस्कृति और पुरातात्विक विरासत से परिचित कराना था।

शैक्षणिक भ्रमण की शुरुआत रतनपुर स्थित महामाया मंदिर के दर्शन से हुई, जहां विद्यार्थियों ने धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक परंपराओं के महत्व को समझा। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अमरकंटक पहुंचकर सोनमुड़ा से पहाड़ों के मध्य उगते सूर्य का मनोहारी दृश्य देखा, जो सभी के लिए अत्यंत रोमांचक एवं अविस्मरणीय रहा।अमरकंटक प्रवास के दौरान विद्यार्थियों ने नर्मदा नदी के उद्गम स्थल का अवलोकन किया। साथ ही अमलेश्वर, जलेश्वर महादेव एवं कपिलधारा जलप्रपात के दर्शन कर प्राकृतिक सौंदर्य को नजदीक से अनुभव किया। पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित प्राचीन मंदिरों, माई की बगिया, जैन मंदिर एवं यंत्र मंदिर के दर्शन कर विद्यार्थियों ने अमरकंटक की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्ता को समझा। भ्रमण के अगले चरण में विद्यार्थियों को भोरमदेव मंदिर ले जाया गया, जहां छेरका महल एवं मड़वा महल का विशेष अवलोकन कराया गया। यहां स्थित ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थलों पर संरक्षित मूर्तियों को विद्यार्थियों ने ध्यानपूर्वक देखा और उनके ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्राप्त की।इसके पश्चात विद्यार्थियों ने इंदिरा संगीत कला विश्वविद्यालय, खैरागढ़ का भ्रमण किया। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के साथ-साथ दरबार हॉल विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही रवीन्द्र बहादुर संग्रहालय में पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित मूर्तियां, पुरातात्विक अवशेष, दुर्लभ सिक्के, कलाकृतियां एवं पारंपरिक वाद्य यंत्रों के सुव्यवस्थित प्रदर्शन को विद्यार्थियों ने गंभीरता से देखा और प्राचीन काल में उपयोग होने वाले वाद्य यंत्रों की जानकारी प्राप्त की। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, अनुभवात्मक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ, जिसका समापन दुधली में हुआ। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य दुर्गेश नंदनी यादव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देव देवांगन, सदस्य रवि कुमार, शैक्षणिक भ्रमण प्रभारी मिलन सिंह सिन्हा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं कांती टाडिया, पदमा चंद्राकर, रेखा ठाकुर, निर्मला कोमिया, वीर सिंह ठाकुर, जोहरलाल बढ़ई, वर्षा रानी देवांगन, सुनील देशलहरे, रेखलाल भोसले, टिकेश्वर कोठारी, शंकर दयाल बघेल, भेदबती तारम, कुमारी बाई एवं समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।





यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक